# कार्यालय
# सामान्य वनमण्डल सीहोर

सीहोर-इछावर मार्ग, सीहोर (म.प्र.)466001 Mob-9424790850 E-mail :- dfot.seh@mp.gov.in

क्रमांक /मानचित्रकार/2023/ सीहोर दिनांक ..../...../2023

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(भू-प्रबंध) सतपुड़ा भवन भोपाल।

**विषयः-** सीहोर जिले मे ग्राम सनकोटा से सिराड़ी मार्ग निर्माण हेतु 4.580 हैक्टयर वनभूमि लोक निर्माण विभाग संभाग बुधनी को उपयोग पर देने बावत्।

**संदर्भः-**1. भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल का पत्र क्रं/6-MPB049/2022-BHO दिनांक 04.07.2023

2. आपके कार्यालय का पत्र क्रं/एफ-5/1194/2022/10-11/3106 दि. 12.07.2023

--00--

विषयांकित में निवेदन है कि सीहोर जिले मे ग्राम सनकोटा से सिराड़ी मार्ग निर्माण हेतु 4.580 हैक्टयर वनभूमि लोक निर्माण विभाग संभाग बुधनी को वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत् उपयोग पर देने के संबंध में आपके कार्यालय के संदर्भित पत्र-2 से जानकारी चाही गई है कि-''संबधित वन मंडलाधिकारी प्रस्तावित मार्ग का पुनः निरीक्षण कर अवगत करावें कि प्रस्तावित मार्ग का अलाइनमेण्ट परिवर्तित किया जा सकता है अथवा नहीं।

प्रस्तावित मार्ग सनकोटा से सिराड़ी का मेरे द्वारा दिनांक 06.07.2023 को निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पूर्व से प्रस्तावित मार्ग के अतिरिक्त मौके पर अन्य कोई मार्ग नहीं है। प्रस्तावित मार्ग के अतिरिक्त नया अलाइनमेण्ट करने से मार्ग मे अधिक वृक्ष आ रहे है एवं वनभूमि क्षेत्र अधिक प्रभावित होगा है तथा भौगोलिक रूप से पहाड़ी एवं तीव्र ढलान होने के कारण वनभूमि का अधिक कटाव होगा, जैव विविधता पर भी अत्यधिक विपरीत प्रभाव होगा।

अतः पूर्व मे प्रस्तावित मार्ग का अलाइनमेण्ट/सीमाकंन किया गया ही उपयुक्त है। ग्रामीणों के द्वारा वर्तमान में प्रस्तावित किए गए मार्ग से ही आवागमन किया जा रहा है प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

वन संरक्षक, भोपाल
पत्र क्र. 7375
दिनांक 17/08/23

s/d
एम.एस.डावर(भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल सीहोर

पृ.क्रमांक/मानचित्रकार/2023/ 1992 सीहोर, दिनांक 07/08./2023

प्रतिलिपि :-

1. वन संरक्षक भोपाल वृत्त भोपाल की ओर संदर्भित पत्र के तारतम्य मे सूचनार्थ प्रेषित।
2. कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग बुधनी की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल सीहोर



Scanned by CamScanner